मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-81
20/02/2020

प्रोसेसिंग के माध्यम से किसानों की आमदनी बढ़ाई जा सकती है :– मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री के समक्ष उद्योग विभाग का प्रस्तुतीकरण

पटना, 20 फरवरी 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के समक्ष 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में उद्योग विभाग द्वारा बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति 2016 की मध्यावधि समीक्षा पर प्रस्तुतीकरण दिया गया। प्रस्तुतीकरण में बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति 2016 में संशोधित प्रस्तावों के विभिन्न बिन्दुओं पर भी विस्तृत चर्चा की गयी।

प्रस्तुतीकरण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने हरियाली को बढ़ावा देने के लिये वर्ष 2012 में हरियाली मिशन की शुरूआत की। इस दौरान 19 करोड़ पौधे लगाये गये। उस समय जो पॉपुलर पौधे लगाये गये, वह वृक्ष रूप में तैयार हो गया है, उसका कागज निर्माण में उपयोग के लिये उद्योग क्षेत्र से सम्पर्क करें। यहाँ की विशेषज्ञ की टीम उत्तराखण्ड के कुछ जगहों पर जाकर पॉपुलर प्रोसेसिंग प्लांट का भी निरीक्षण करें। हमलोगों का उद्देश्य हरियाली को बढ़ावा देना है, जिसके लिये अधिक से अधिक वृक्ष लगाना है। फलदार पौधे किसान स्वतः लगाते हैं लेकिन उन पौधों को लगाने के लिये किसानों को प्रेरित किया जा सकता है, जिसका व्यावसायिक उपयोग का लाभ उन्हें मिल सके। चौर क्षेत्रों में मछली और मखाना के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिये भी किसानों को प्रेरित करें। सब्जी, फल (केला, लीची, आम), चाय, पान, शहद आदि के संबंध में कल किसानों के साथ बैठक में इंडस्ट्रीयल आस्पेक्ट पर कई महत्वपूर्ण सुझाव आये थे। इस पॉलिसी में फूड प्रोसेसिंग/एग्रो प्रोसेसिंग और वुड बेस्ड इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिये जल्द से जल्द काम करें। प्रोसेसिंग के माध्यम से किसानों की आमदनी बढ़ायी जा सकती है। राज्य में व्यवसाय में वृद्धि हुयी है लेकिन उद्योग को बढ़ावा देने के लिये भी हमलोग सतत् प्रयत्नशील हैं। उन क्षेत्रों के चयन की संभावनाओं को तलाशें, जिसमें हमलोगों के मदद करने से उस उद्योग को बढ़ावा दिया जा सकता है।

बैठक के दौरान उद्योग मंत्री श्री श्याम रजक, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, विकास आयुक्त श्री अरूण कुमार सिंह, प्रधान सचिव, वित्त श्री एस0 सिद्धार्थ, प्रधान सचिव ऊर्जा श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, प्रधान सचिव पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन श्री दीपक कुमार सिंह, उद्योग विभाग के सचिव श्री नर्मदेश्वर लाल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, कृषि विभाग के सचिव श्री एन0 सरवण कुमार, सचिव वाणिज्यकर श्रीमती प्रतिमा एस0 वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

******